

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

हर दिन रिटायरमेंट का ख्याल आता है

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 89 ■ शुक्रवार 12 जून 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US · Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## उल्हासनगर में राकांपा का स्थापना दिवस मनाया गया



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर जिला राकांपा द्वारा 10 जून को नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का 27वां स्थापना दिवस झंडा वंदन कर मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री राजवानी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया।

श्री गंगोत्री ने कहा कि जनता के विश्वास, विकास के प्रति समर्पण और महाराष्ट्र की प्रगति के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाली ताकत का नाम है नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी हमारे सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आज स्थापना दिवस मना रहे हैं और अपने नेता स्व. अजित दादा पवार को याद कर रहे हैं। राकांपा का संघर्ष, सेवा और जनहित के 27 वर्षों का यह गौरवशाली सफर हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# मानसून की देरी से पारा चढ़ा

### ■ बदलापुर में 13 साल में रात का सबसे ज़्यादा तापमान

**बदलापुर.** मौसम विज्ञान के हिसाब से 11 जून को मुंबई और ठाणे ज़िलों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश आने का आम समय माना जाता है। लेकिन, इस साल इस परंपरा में बड़ा बदलाव आया है और उत्तरी कोंकण में मानसून बहुत देर से आया है। प्राइवेट मौसम रिसर्चर अभिजीत मोडक के मुताबिक, इस साल मानसून बहुत धीमी गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है, और उत्तरी कोंकण में आम तौर पर होने वाली प्री-मानसून बारिश नहीं हो रही है। इस वजह से इस इलाके में बारिश की चर्चा किनारे हो रही है और तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मानसून के मौसम में भी, ठाणे

### ■ जिले में तापमान का नया रिकॉर्ड




ज़िला, खासकर अंबरनाथ और बदलापुर शहर बहुत ज़्यादा गर्मी से झुलस रहे हैं और रात में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

### ■ पसीने में तरबतर सोते हैं लोग

अंबरनाथ और बदलापुर इलाकों में रात में चलने वाली हवाएं ठंडी होने के बजाय बहुत ज़्यादा नमी वाली और गर्म होती हैं, इसलिए एयर कंडीशनिंग सिस्टम और कूलर होने के बावजूद लोगों को रात में बहुत ज़्यादा गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल पूरे ठाणे ज़िले का है, जहां ज़्यादातर इलाकों में रात का टेम्परेचर 30 डिग्री सेल्सियस के आस-पास है। जिससे लोगों को रात में पसीने से तरबतर होकर सोना पड़ रहा है।

### रात के समय सबसे कम 29.7 डि.से. तापमान दर्ज

मुंबई मेट्रोपॉलिटन एरिया के अंदरूनी शहरों पर क्लाइमेट चेंज और मानसून में देरी का सबसे ज़्यादा असर पड़ा है। नॉर्थ कोंकण के अंदरूनी हिस्से में बसे बदलापुर शहर में रात का सबसे कम टेम्परेचर 11 जून, 2026 को 29 .7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। पिछले 13 सालों में बदलापुर में जून महीने में यह सबसे गर्म रात का टेम्परेचर है। इससे पहले, 11 जून, 2014 को बदलापुर में सबसे कम टेम्परेचर 29 .5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, जो अब तक का सबसे ज़्यादा था।

### मुंबई का भी यही हाल

यह हाल सिर्फ़ अंदरूनी इलाकों का ही नहीं, बल्कि तटीय इलाकों का भी है। मुंबई के कोलाबा सेंटर में लगातार छह दिनों से रात का सबसे कम टेम्परेचर 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। कोलाबा इलाके में ऐसी गर्म रातें 3 से 4 दिन से ज़्यादा नहीं रहतीं। मोडक ने यह भी बताया कि जून में दो रातों में मुंबई के सांताक्रूज़ स्टेशन पर टेम्परेचर 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### नॉर्थ कोंकण और ठाणे जिला अभी हीट ट्रैप में

मौसम एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अरब सागर से आने वाली मॉनसून की धाराएं सूखी हवा के हमले से रुक गई हैं। मोडक ने कहा कि प्री–मॉनसून तूफानों की कमी और हवा में समुद्री नमी होने की वजह से, नॉर्थ कोंकण और ठाणे जिले अभी हीट ट्रैप में फंसे हुए हैं। मौजूदा मौसम के हालात के मुताबिक, जब तक अरब सागर में एक मज़बूत मॉनसून धारा नहीं बनती और नॉर्थ कोंकण पर सूखी हवा का असर खत्म नहीं होता, तब तक अंबरनाथ, बदलापुर और पूरे ठाणे जिले को इस तेज़ गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है।

## अंबरनाथ में फिर से हुई चेन स्नैचिंग

### ■ महिलाओं में दहशत का माहौल
### ■ पनवेलकर गार्डन के पास हुई चेन स्नैचिंग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में चेन स्नैचिंग की घटनाएं फिर से शुरू हो गई हैं. बाइक सवार चेन स्नैचरों से महिलाओं में चिंता का वातावरण है. शहर पश्चिम पनवेलकर गार्डन R3 निवासी महिला सभ्या मनिष पल्लै (41) ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह बुधवार रात 7.15 बजे भाजी खरीद कर शिफा अस्पताल के समक्ष से अपने घर की ओर जा रही थी कि पीछे से एक काले रंग की पल्सर कंपनी की मोटर साइकिल पर बैठे दो सवार उनके पीछे से तेज रफ्तारी से आकर उनके गले में पहनी हुई 14 ग्राम सोने की चेन झपट कर चोरी करके धूम स्टाइल में बाइक से भाग गए.

सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में ये चोरी का दृश्य कैद हो गया है. ये घटना पनवेलकर गार्डन के मेन गेट से थोड़ी दूरी पर हुई है. कोहोजगांव चौक से उलन चाल को जाने वाली सड़क पर चेन स्नैचिंग होने से महिलाओं में डर का माहौल है. 14 ग्राम चेन की कीमत पुलिस ने 40 हजार 500 रुपए आंकी है. आज के हिसाब से चेन की कीमत करीब 2 लाख रुपए होती है. पुलिस ने अपराध दर्ज करके सीसीटीवी की मदद से चेन स्नैचरों को तलाश रही है. मामले की जांच महिला सहायक पुलिस निरीक्षक अपेक्षा जाधव कर रही हैं.

## कल्याण पूर्व में हुई फायरिंग, एक जखमी

### ■ दो गुटों में हुआ जमकर बवाल
### ■ पुलिस ने दोनों गुटों पर किया मामला दर्ज
### ■ 4 आरोपी गिरफ्तार







**कल्याण.** बुधवार रात कल्याण पूर्व में दो गुटों में जमकर बवाल हुआ। मामूली बात को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट के बाद एक गुट ने दूसरे गुट पर फायरिंग करदी। फायरिंग में राहुल वर्मा नामक युवक गोली लगने से घायल हो गया है।

सूत्रों के अनुसार यह सारा विवाद दो गुटों की आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। इस घटना को लेकर कोलसेवाड़ी पुलिस ने दोनों गुटों के लोगों पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। फायरिंग मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए आरोपियों की पुलिस ने बारात निकाली और बीच सड़क पर उनसे उठक-बैठक करवाई। फायरिंग की वारदात से परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है।

कल्याण पूर्व के खडेगोलवली तुलसी पार्क सोसायटी परिसर में गाड़ी को कट लगने को लेकर दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए गए। इतने में एक गुट ने दूसरे गूट पर 3 से 4 चार राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में राहुल वर्मा नामक युवक के पैर पर गोली लगने से वह घायल हो गया है। घायल अवस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है।

दोनों गुटों पर मामला दर्ज-

पुलिस सूत्रों के अनुसार फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस ने गुंडा उर्फ प्रेम सिंह, ज्ञानू उर्फ ज्ञानेश्वर राठोड़, सनी कटरे, ओमकार जगदाले उर्फ पन्नी, तनवीर अंसारी ऋतिक महीराले पर मामला दर्ज कर इनमें से चार को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ बूंदी उर्फ सुदर्शन निकाले, कार्तिक पावर, संजय शर्मा, पवन चव्हाण एवं 7 से 8 अज्ञात आरोपियों पर भी केस दर्ज करते हुए पहले तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## बदलापुर में डबल मर्डर

### कार में मिली ओला चालक और महिला की लाशें मिलीं

**बदलापुर.** बदलापुर में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई है। पूर्वी बदलापुर के जुवेली गांव इलाके में एक महिला और एक पुरुष की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उनकी लाशें एक कार में मिलने से हड़कंप मच गया। इनमें से एक लाश ओला ड्राइवर की है।

एक महिला और एक पुरुष ओला कार से बदलापुर आए थे। महिला का नाम मनीषा भोसले और ओला ड्राइवर का नाम ज्योतिबा शिंदे है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, तीन साल के बच्चे ने जवाब दिया है कि उसकी मां की हत्या ओला ड्राइवर ने की है। तो, ओला ड्राइवर ज्योतिबा शिंदे की हत्या किसने की? DCP सचिन गोर ने बताया कि जांच चल रही है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है और सबूत इकट्ठा करने का काम चल रहा है। इस डबल मर्डर से पूरा बदलापुर शहर दहल गया है।

## अंबरनाथ पार्किंग घोटाला, ठेका रद्द

### ■ ब्लैक लिस्ट में डालने का प्रस्ताव
### ■ नगर परिषद ने अपने हाथों में लिया पार्किंग
### ■ अन्य पार्किंग के जांच के आदेश
### ■ बाजार विभाग प्रमुख को कारण बताओ नोटिस




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित यशवंतराव चव्हाण पे एंड पार्किंग में संबंधित ठेकेदार द्वारा किए गए घोटाला मामले में नगर पालिका प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ठेकेदार का ठेका रद्द करते हुए उसे ब्लैक लिस्ट में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

नगर परिषद ने इस पार्किंग को अपने हाथ में लेकर संचालन शुरू कर दिया है. प्रशासन ने बाजार विभाग प्रमुख प्रतिक्षा सावंत को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है. गत कई दिनों से ये विवाद काफी बढ़ गया था. ठेकेदार मासिक पास का लोगों से 400 के बजाय 700 रुपए वसूल कर रहा था. समय पर वरिष्ठों को जानकार उपलब्ध ना कराने पर एवं ठेकेदार पर कार्रवाई करने एवं अंकुश लगाने में ढिलाई देने के कारण बाजार प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. इस दरम्यान सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत उतेकर ने 15 जून से आमरण अनशन करने के लिए नपा प्रशासन को पत्र देने के बाद प्रशासन ने ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई करने पर उत्तेकर ने अपना अनशन वापस ले लिया है.

इसके अलावा शहर के अन्य सभी ठेके पर दिए गए पार्किंग की जांच शुरू करके उनको नियम से पार्किंग चलाने के लिए नोटिस जारी किया गया है. शिवाजी चौक की पार्किंग में ठेकेदार मनमानी करते हुए ज्यादा वाहनों को पार्किंग कराता था. उसे बारे में ये भी शिकायत थी कि वह पार्किंग करने वालों से डांट-डपट कर बात किया करता था. नगर परिषद द्वारा ये पार्किंग हाथ में लिए जाने से अब नियमानुसार पार्किंग के पैसे लिए जा रहे हैं. मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ एवं नगराध्यक्षा द्वारा की गई इस कार्रवाई से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों ने संतोष व्यक्त किया है.

## क्राइम ब्रांच ने पकड़े दो शातिर चोर

### ■ मंगलसूत्र - सोने की चेन झपटने वाले गिरफ्तार
### ■ 9.81 लाख का माल बरामद
### ■ कई पुलिस थानों में मामला दर्ज



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन झपटने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिलें तथा सोने के आभूषण समेत कुल 9 लाख 81 हजार रुपये का माल बरामद किया है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने में दर्ज जबरी चोरी के एक मामले की जांच के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने शाहड-आंबिवली मार्ग पर जाल बिछाकर एक आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसके साथी की जानकारी मिलने पर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर कई वारदातों का खुलासा हुआ। पुलिस ने एक बुलेट, एक हीरो यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल तथा कई सोने के मंगलसूत्र और चेन बरामद किए हैं। जांच में विठ्ठलवाड़ी, कासारवडवली, कलवा, शिवाजीनगर, बदलापुर पूर्व और बदलापुर पश्चिम पुलिस थानों में दर्ज कई मामलों के तार आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों के अन्य आपराधिक कनेक्शनों और संभावित वारदातों की भी जांच कर रही है।

### ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़; 3.03 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**ठाणे.** ठाणे पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस अभियान में पुलिस ने करीब 3.03 करोड़ मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया था। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई और उसके बाद कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

## हेल्थ सेंटर्स में अव्यवस्था भारी पड़ी

### ■ वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा के खिलाफ एक्शन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के हेल्थ डिपार्टमेंट में एक बड़ी एडमिनिस्ट्रेटिव उथल-पुथल हुई है. हेल्थ सेंटर्स में अव्यवस्था, साफ-सफाई की कमी, दवा स्टॉक मैनेजमेंट में गंभीर गड़बड़ियां, आवारा कुत्तों के मुद्दे पर कार्रवाई न करने और डॉक्टरों से फाइनेंशियल फायदे की मांग की शिकायतों के मद्देनजर कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा के पद का चार्ज तुरंत हटा दिया है. इस सख्त एक्शन से मनपा के हेल्थ डिपार्टमेंट में हलचल मच गई है और यह साफ है कि प्रशासन ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है.

मनपा प्रशासन ने आखिरकार शहर के हेल्थ सर्विस सिस्टम में गंभीर गड़बड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की है. कमिश्नर मनीषा आव्हाले द्वारा जारी ऑर्डर के अनुसार, वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा का चार्ज तुरंत हटा दिया गया है. कुछ दिन पहले, कमिश्नर के शहर के अलग-अलग अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स के दौरे के दौरान कई गंभीर मामले सामने आए थे. हेल्थ सेंटर्स में इंफ्रास्ट्रक्चर की खराब हालत, गंदी जगहें, ऑफिस रिकॉर्ड का नाकाफी और अव्यवस्थित सिस्टम, दवा और सामान के मैनेजमेंट में लापरवाही से लोगों की हेल्थ सर्विस पर असर पड़ रहा है। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत लोगों को अच्छी और कम कीमत वाली हेल्थ सुविधाएं देने की जिम्मेदारी होने के बावजूद प्राइमरी हेल्थ सर्विस को मजबूत करने में नाकाम रहने का आरोप एडमिनिस्ट्रेशन पर लगाया गया है।

इसके अलावा, शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, डीवॉर्मिंग कैंपेन की धीमी रफ्तार और शेल्टर के मैनेजमेंट में कमियों को लेकर भी नाराजगी जताई गई है। इस बीच, ऑर्डर में यह भी बताया गया है कि एडमिनिस्ट्रेशन को MLA के लेटर के जरिए कुछ डॉक्टरों से फाइनेंशियल फायदे मांगने की गंभीर शिकायतें मिली हैं। इन सभी मामलों को देखते हुए, यह माना गया है कि डॉ. मोहिनी धर्मा को मेडिकल हेल्थ ऑफिसर के तौर पर बनाए रखना ठीक नहीं है और उनका चार्ज ले लिया गया है।

## महावितरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**उल्हासनगर.** कल्याण पश्चिम, तेजश्री कंपाउंड स्थित MSEB ऑफिस एरिया में अलग-अलग सामाजिक संगठनों की तरफ से धरना दिया गया। इस विरोध प्रदर्शन में छावा संगठन के निखिल गोले, प्रहार संगठन के एड. स्वप्निल पाटिल, साथ ही राष्ट्र कल्याण पार्टी के प्रेसिडेंट शैलेश तिवारी, राज द्विवेदी, अरविंद दुबे, पर्यावरण मित्र शशिकांत दयामा, नीलू पंजवानी और कई दूसरे कार्यकर्ताओं समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विरोध प्रदर्शन के मुख्य मुद्दे शहर में बढ़े हुए बिजली बिल, अडानी मीटर लगाना, साथ ही जींस वॉश फैक्ट्रियों की बिजली सप्लाई न काटना और बिजली बोर्ड की कथित नाकामी थे। महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड वेलफेयर डिपार्टमेंट ने पिछले तीन सालों से बिजली बोर्ड को कई जींस वॉश फैक्ट्रियों की बिजली सप्लाई काटने के आदेश दिए हैं, फिर भी बार-बार देखा गया है कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने जानबूझकर इन आदेशों को नज़रअंदाज़ किया है। इस वजह से प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वालधुनी और उल्हास नदियों में बढ़ते प्रदूषण के लिए इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी बोर्ड भी उतना ही ज़िम्मेदार है। इसी पृष्ठभूमि में बिजली बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के ऑफिस के सामने धरना दिया गया।

## अंबरनाथ बुवापाड़ा में SIR के लिए 3 दिन का मैपिंग कैम्प

### ■ शिविर को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पूर्व नगरसेवकों ने वोटिंग मैपिंग कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी बीएलओ को साथ में लेकर कैम्प लगाना शुरू कर दिया है. बुवापाड़ा वार्ड क्र. 5 में पूर्व नगरसेविका श्रुति मनोज सिंह सुरेश (मनोज) सिंह ने संगठन चौक बुवापाड़ा में तीन दिन के कैम्प का आयोजन किया है. जिसको अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. मनोज सिंह ने हमें बताया कि सूची भाग क्र. 190, 191, 192, 193, 194,195, 275, 276, 277, 278 और 279 के एसआईआर मैपिंग करने के लिए बीएलओ सामाजिक संस्था स्व. राजाराम सा. संस्था, मनोज सिंह की टीम मैदान में उतर कर मतदाताओं के मैपिंग का कार्य कर रहे हैं. 10 जून से ये कैम्प शुरू होकर 12 जून तक ये कार्य चलेगा. घर-घर जाकर मतदाताओं को मैपिंग के लिए कैम्प में लाया जा रहा है. मनोज सिंह ने सभी को आह्वान किया है कि आप अपना SIR करा के अपने मताधिकार को सुरक्षित करें. इस कैम्प को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है.

## 'ड्रंक एंड ड्राइव' पर पुलिस का एक्शन

### ■ 9 शराबी ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई
### ■ ट्रैफिक पुलिस का शराबी ड्राइवरों के खिलाफ खास अभियान



टिटवाला. सड़क हादसों को रोकने के लिए, टिटवाला ट्रैफिक पुलिस ने शराबी ड्राइवरों के खिलाफ खास अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की है। इस अभियान के दौरान, शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए गए 9 ड्राइवरों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं और उनकी 9 गाड़ियां जब्त की गई हैं।

ट्रैफिक ब्रांच की एक टीम ने अलग-अलग जगहों पर नाकाबंदी करके गाड़ियों की चेकिंग की। जांच के दौरान ड्राइवरों के शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए जाने पर, उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संबंधित केस कोर्ट में फाइल किए गए हैं और ड्राइवरों को कोर्ट के आदेश के अनुसार जुर्माना और दूसरी सजा भुगतनी होगी।

शराब पीकर गाड़ी चलाना एक गंभीर ट्रैफिक नियम तोड़ना है और इससे खुद की और दूसरे लोगों की जान को खतरा होता है। इसलिए, ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइवरों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। पुलिस ने कहा कि इस तरह के खास ऑपरेशन आगे भी जारी रहेंगे।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते नेटवर्क

बैंक के भीतर ही जब धोखाधड़ी का रास्ता बन जाए, तो साइबर अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा? सुरक्षा एजेंसियों के तमाम दावों के बावजूद साइबर ठगी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अपराधी ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं।

इस संजाल की जड़ें इतनी गहरी हैं कि अपराधियों तक पहुंचना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में अगर बैंक या किसी अन्य संबंधित महकमे के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सांठगांठ में शामिल हों, तो मामला और पेचीदा हो जाता है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के न्यू कोंडली इलाके में पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक सहकारी बैंक के उप प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी कमीशन पर खाते खुलवाने और उनका संचालन करने में मदद करता था। साइबर अपराधी बैंक में किसी और के नाम से इस तरह के खाते खुलवाते हैं और फिर ठगी के जरिए उसमें आई रकम को दूसरे खाते में भेज देते हैं। सवाल है कि जब सरकारी तंत्र में शामिल कर्मी ही इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हों, तो फिर अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा?

गौरतलब है कि देश भर में साइबर ठगी के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। अपराधी वित्तीय धोखाधड़ी के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर चिंता जाहिर कर चुका है। ताजा मामला भी तभी पकड़ में आया, जब राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच का मिलान किया गया। दरअसल, देश के कई हिस्सों में दर्ज साइबर ठगी की 159 शिकायतों में यह खाता शामिल पाया गया, जिससे करीब 67 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है।

इस साजिश से पता चलता है कि देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी का संजाल कहां तक फैला हुआ है। जांच में सामने आया है कि जिसने यह खाता खुलवाया था, वह कभी उस बैंक की शाखा में गया ही नहीं। जाहिर है कि किसी बैंक कर्मी की मदद के बिना यह संभव नहीं है। मगर सवाल यह भी है कि इस खाते से जब करोड़ों रुपए का लेन-देन हो रहा था, तो दूसरे अधिकारियों ने इसकी जांच की जरूरत क्यों नहीं समझी? ऐसे में जरूरी है कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

विमर्श

# पूंजी बाजार में भरोसे का संकट

भारत का पूंजी बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। डीमैट खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है, छोटे शहरों और कस्बों से नए निवेशक शेयर बाजार में आ रहे हैं और एसआइपी-म्यूचुअल फंड ने आम परिवारों को इक्विटी निवेश से जोड़ दिया है। ऐसे समय में राजेश एक्सपोर्ट्स से जुड़ा हालिया मामला केवल एक कंपनी का विवाद नहीं, बल्कि भारत में कारपोरेट गवर्नेंस, आडिट गुणवत्ता, नियामकीय सतर्कता और छोटे निवेशकों के भरोसे की गंभीर परीक्षा है। सेबी के अंतरिम आदेश में राजेश एक्सपोर्ट्स पर बड़े पैमाने पर राजस्व के गलत प्रस्तुतीकरण का आरोप लगाया गया है। वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को गलत ढंग से प्रस्तुत करने की बात कही गई है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि इसे सामान्य लेखा-त्रुटि नहीं कहा जा सकता। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह मामला उसकी स्विस सहायक कंपनी के राजस्व को समझने और प्रस्तुत करने से जुड़े भ्रम का परिणाम है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही निकाला जाना चाहिए। फिर भी, यदि किसी सूचीबद्ध कंपनी के राजस्व आंकड़ों और नियामक की समझ में इतना बड़ा अंतर है तो यह पूरे बाजार ढांचे के लिए चेतावनी है।



राजेश एक्सपोर्ट्स स्वर्ण शोधन, आभूषण निर्माण और निर्यात से जुड़ी बड़ी कंपनी है। जब किसी भारतीय सूचीबद्ध कंपनी की आय का बड़ा हिस्सा विदेशी सहायक कंपनियों और सीमा-पार लेखांकन पर आधारित हो तो उसके प्रकटीकरण की जिम्मेदारी सामान्य कंपनियों से कहीं अधिक बढ़ जाती है। निवेशकों को यह जानने का अधिकार है कि राजस्व किस इकाई से आया, किन ग्राहकों से आया, नकदी में उसका रूपांतरण कैसा रहा, देय राशियां कितनी वास्तविक हैं और सहायक कंपनियों के खातों का स्वतंत्र सत्यापन किस स्तर पर हुआ। यदि किसी कंपनी में म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों या अन्य सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो सवाल केवल कंपनी प्रबंधन पर नहीं, बल्कि इन संस्थाओं की जांच-पड़ताल पर भी उठता है। भारत में छोटे निवेशक अक्सर मान लेते हैं कि यदि किसी कंपनी में बड़ी संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो वह कंपनी सुरक्षित होगी, लेकिन संस्थागत निवेश हमेशा सुशासन की गारंटी नहीं होता। सत्यम घोटाले ने दिखाया कि नकदी और बैंक बैलेंस जैसे आंकड़े भी काल्पनिक हो सकते हैं। आइएलएंडएफएस संकट ने अत्यधिक कर्ज, जटिल सहायक कंपनियों और क्रेडिट रेटिंग विफलता के जोखिम को सामने रखा। यस बैंक संकट ने निजी बैंकिंग गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन की कमजोरी दिखाई। पीएनबी-नीरव मोदी प्रकरण ने बैंकिंग व्यवस्था और लेटर आफ अंडरटेकिंग के दुरुपयोग को उजागर किया था।

राजेश एक्सपोर्ट्स जैसा मामला यह संकेत देता है कि सूचीबद्ध कंपनियों में भी सीमा-पार लेनदेन और सहायक कंपनियों के लेखांकन पर निगरानी बढ़ानी होगी। भारत को अब घोटाले के बाद सुधार करने की संस्कृति से आगे बढ़कर जोखिम की पहले पहचान और रोकथाम की प्रणाली बनानी होगी। राजेश एक्सपोर्ट्स मामले में आडिट व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न उठते हैं। यदि कोई कंपनी लगातार विशाल राजस्व दिखा रही थी तो आडिटर ने ग्राहक पुष्टि, बैंक ट्रेल, सहायक कंपनी आडिट रिपोर्ट, स्टाक रिकार्ड, देय राशियों और आपसी कंपनी लेनदेन की जांच किस गहराई से की? बोर्ड की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

नियामकीय दृष्टि से सेबी की कार्रवाई महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि कथित गलत प्रस्तुतीकरण कई वर्षों से चल रहा था तो शुरुआती चेतावनी संकेत पहले क्यों नहीं पकड़े गए? स्टाक एक्सचेंज, आडिटर, विश्लेषक, रेटिंग एजेंसियां, ऋणदाता और संस्थागत निवेशक क्या देख रहे थे? एआइ और डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से असामान्य अनुपात, देय राशियों की अचानक वृद्धि, नकदी प्रवाह का अंतर और बाजार पूंजीकरण बनाम राजस्व के असामान्य अंतर को स्वतः चिह्नित किया जा सकता है। छोटे निवेशकों के लिए भी यह घटना बड़ा सबक है। निवेश करते समय केवल शेयर मूल्य, राजस्व और ब्रांड पर ध्यान न दें।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

अध्यात्म इस बात को पहचानना है कि हमारा सच्चा आपा हमारी आत्मा है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कड़वी हकीकत

देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर अक्सर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। सरकार की ओर से इस दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं और अभियान शुरू किए गए हैं। सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महिलाओं को विधायिका में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही जा रही है।

यही नहीं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून भी बनाए गए हैं। मगर, जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। घर हो या बाहर, हर जगह उन्हें हिंसा का भय सताता रहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। इसके मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है।

यानी शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

देश में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा कई रूपों में सामने आती है।




इनमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जादू-टोने जैसे अंधविश्वास के कारण मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न प्रमुख हैं। नए सर्वेक्षण में 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में से 22 प्रतिशत से अधिक ने माना कि उन्होंने अपने जीवन में कभी न कभी घरेलू हिंसा का सामना किया है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ कम है, लेकिन यह अब भी एक बड़ी सामाजिक चुनौती की ओर इशारा करता है।

सवाल है कि जब महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए अलग से कानून बनाए गए हैं, तो फिर इस तरह की घटनाओं का सिलसिला थम क्यों नहीं रहा है? जाहिर है कि इन कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही और ढुलमुल रवैये का ही नतीजा है कि महिलाएं न तो अपने घर पर और न ही बाहर खुद को सुरक्षित महसूस कर पाती हैं। सर्वेक्षण में 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग की 0.7 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले वे यौन हिंसा का शिकार हुई थीं। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 0.4 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 0.8 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इससे साफ है कि गांवों में यौन हिंसा की स्थिति शहरों के मुकाबले ज्यादा भयावह है। इसकी एक बड़ी वजह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी और कानूनी जानकारी का अभाव है। हालांकि सरकारी स्तर पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इनका दायरा शहरी क्षेत्रों पर ज्यादा केंद्रित रहता है।

बिना किसी आधार के यह मान लिया जाता है कि गांवों में अपराध की दर कम है, इसलिए वहां जागरूकता की ज्यादा जरूरत नहीं है, जबकि आधिकारिक आंकड़ों की स्थिति इसके विपरीत है। ऐसे में जरूरत इस बात को समझने की है कि किसी भी तरह की हिंसा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और मानसिक विकास को बाधित करती है। इसलिए जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण के अभियानों को प्रभावी तरीके से जमीन पर उतारा जाए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों में संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए।

# रात में डाली सोने के गहने वाली रील, सुबह हो गई कंगाल

कभी-कभी यह दिखावा बहुत महंगा पड़ जाता है. ऐसी ही एक घटना सामने आई है जिसमें इंस्टाग्राम पर सोने के गहनों की रीलें डालने वाली महिला रचना गुर्जर रातोंरात कंगाल हो गई.

**जरा हट के**

रचना गुर्जर नियमित रूप से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सोने के भारी-भरकम गहनों, नेकलेस, कंगन, ईयररिंग्स और अन्य ज्वेलरी की रील्स पोस्ट करती थीं. आकर्षक लाइटिंग, म्यूजिक और कैप्शन के साथ ये रीलें काफी वायरल भी हो रही थीं. हजारों फॉलोअर्स उन्हें लाइक और कमेंट करते थे. लेकिन इन्हीं फॉलोअर्स में कुछ चोर भी शामिल थे.

पुलिस के अनुसार, चोरों ने रचना की रील्स देखकर उनके घर की लोकेशन और रूटीन का अंदाजा लगा लिया था. एक रात जब रचना परिवार के साथ सो रही थीं, चोरों ने चुपके से उनके घर में घुसपैठ की. चोरों ने मुख्य रूप से सोने



के गहनों पर निशाना साधा. अलमारी तोड़कर सारा जेवर, कुछ नकदी और कीमती सामान उठा ले गए. सुबह जब रचना उठीं तो घर का हाल देखकर उनके होश उड़ गए. पूरा बेडरूम अस्त-व्यस्त पड़ा था. अलमारियां खाली, गहनों के बॉक्स खुले पड़े थे. रचना ने तुरंत पुलिस को सूचित किया. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. CCTV फुटेज और आसपास के कैमरों की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है.

रचना गुर्जर एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं. वे इंस्टाग्राम पर फेशन और ज्वेलरी कंटेंट बनाकर अच्छी कमाई कर रही थीं.

उनकी रील्स में अक्सर लाखों रुपये के गहने दिखाए जाते थे. पड़ोसियों के अनुसार रचना अपनी ज्वेलरी की बहुत शौकीन थीं और इसे सोशल मीडिया पर दिखाने में उन्हें खुशी मिलती थी. लेकिन उन्होंने कभी सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा.

# ओट्स खिचड़ी




**सामग्रीः**

- रोल्ड या इंस्टेंट ओट्स- 1 कप
- मूंघ दाल- ½ कप
- बारीक कटी सब्जियां- ½ कप
- प्याज- 1 छोटा
- टमाटर- 1 मध्यम
- हरी मिर्च- 1-2
- अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
- जीरा- 1 छोटा चम्मच
- हल्दी पाउडर- ½ छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- ½ छोटा चम्मच
- गरम मसाला- ¼ छोटा चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- घी या तेल- 1 से 2 बड़े चम्मच
- पानी- 3 से 4 कप

**विधिः**

सबसे पहले एक कढ़ाई में बिना तेल या घी के ओट्स को 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ड्राई रोस्ट कर लें। जब इसमें से हल्की खुशबू आने लगे, तो इसे एक प्लेट में निकाल लें। ऐसा करने से खिचड़ी चिपचिपी नहीं बनती। अब एक प्रेशर कुकर या गहरी कढ़ाई में घी या तेल गरम करें। जब घी गरम हो जाए, तो इसमें जीरा डालें और चटकने दें। इसके बाद इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर प्याज के हल्का



सुनहरा होने तक भूनें। अब इसमें टमाटर और अपनी पसंद की कटी हुई सब्जियां डालें। सब्जियों को दो मिनट के लिए सॉटे करें। इसके बाद हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और नमक डालें। मसालों को सब्जियों के साथ अच्छी तरह मिला लें।

अब कुकर में पहले से भीगी हुई मूंघ दाल और भुने हुए ओट्स डालें। सभी सामग्रियों को आपस में अच्छी तरह मिक्स करें और 1 मिनट के लिए चलाएं। इसमें 3 से 4 कप पानी डालें। अगर आपको पतली खिचड़ी पसंद है तो पानी थोड़ा ज्यादा रख सकते हैं। अब कुकर का ढक्कन बंद करें और मध्यम आंच पर 2 से 3 सीटी आने तक पकाएं। अगर आप कढ़ाई में बना रहे हैं, तो ढककर दाल के गलने तक धीमी आंच पर पकाएं। कुकर का प्रेशर अपने आप निकलने दें। ढक्कन खोलकर खिचड़ी को एक बार मिक्स करें। ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया और आधा चम्मच देसी घी डालें। आप इस गरमा-गरम ओट्स खिचड़ी को दही, पुदीने की चटनी के साथ परोस सकते हैं।

# महीने के आखिर में नहीं होगी पैसों की किल्लत

हर महीने हम सैलरी का बेसब्री से इंतजार करते हैं, लेकिन बैंक खाते में पैसा आते ही न जाने कहां गायब हो जाता है। महीने का आखिरी हफ्ता आते-आते हालत यह हो जाती है कि अगली सैलरी के दिन गिनने पड़ते हैं।
यह सिर्फ कम कमाई वालों का दर्द नहीं है। चाहे आप 30 हजार रुपये कमा रहे हों या 60 हजार, अगर आपके पास सही वित्तीय अनुशासन नहीं है, तो पैसों की किल्लत आपको हमेशा सताएगी।



## सैलरी आते ही अपनाएं ये 5 मास्टरस्ट्रोक

### तुरंत बजट बनाएं

आमदनी का कौन-सा हिस्सा कहां जाएगा, यह पहले से तय होना चाहिए। मकान का किराया, राशन, बिजली-पानी का बिल और पेट्रोल जैसे पक्के खर्चों के लिए सैलरी आते ही पैसे सबसे पहले अलग कर दें। इससे अनावश्यक खर्चों पर अपने आप लगाम लग जाएगी।

### खर्चों को 'टाइम-टेबल' में बांटें

कई लोग महीने की शुरुआत में ही सारा पैसा बेहिसाब उड़ा देते हैं और आखिरी दिनों में परेशान होते हैं। इस दबाव से बचने के लिए, जरूरी खर्चे निकालने के बाद बची हुई रकम को तीन हिस्सों में बांट लें- जैसे 1 से 10 तारीख, 11 से 20, 21 से 30/31 तक का खर्च।

### 'बचत पहले, खर्चा बाद में' वाला नियम

'महीने के अंत में जो बचेगा, उसे बचाएंगे' वाली सोच को भूल जाइए। सैलरी मिलते ही उसका 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा सबसे पहले अपनी बचत के लिए निकालें। भविष्य की आर्थिक सुरक्षा इसी से तय होती है।

### आपातकालीन फंड बनाएं

अचानक नौकरी छूटना या बीमारी आना किसी को बताकर नहीं आता। ऐसे समय के लिए अपने 3 से 6 महीने के खर्चों के बराबर का एक आपातकालीन फंड जरूर बनाएं। यह आपको मानसिक और आर्थिक, दोनों तरह की सुरक्षा देगा।

### निवेश की आदत डालें

पैसों को सिर्फ बचाकर रखना काफी नहीं है। अपनी जमा पूंजी को सही दिशा देने के लिए धीरे-धीरे निवेश करना शुरू करें।

## बचत के लिए अपनाएं 5 'गोल्डन रूल्स'

**24 घंटे का नियमः** कोई भी गैर-जरूरी या लग्जरी चीज खरीदने का मन हो, तो 24 घंटे का इंतजार करें। इससे आप जोश और जल्दबाजी में होने वाले खर्चों से बच जाएंगे।

**'नो-स्पेंड डे' मनाएंः** महीने में कुछ दिन ऐसे निकालें जब आप केवल बहुत जरूरी चीजों के अलावा एक रुपया भी खर्च नहीं करेंगे। इससे आपको अपनी फिजूलखर्ची पहचानने में मदद मिलेगी।

**खाते अलग रखेंः** अपने रोजमर्रा के खर्च, जरूरी पक्के भुगतान और अपनी बचत के लिए अलग-अलग बैंक अकाउंट रखें। इससे बजट हमेशा व्यवस्थित रहता है।

**सुविधाओं वाले खर्चों पर लगामः** बार-बार ऑनलाइन सामान या खाना मंगाने की आदत आपकी बचत के लिए बड़ा खतरा है। इन सुविधाजनक खर्चों पर तुरंत कंट्रोल करें।

**खुद को दें 'कैश चैलेंज'ः** हर हफ्ते का खर्च एक निश्चित नकद रकम से चलाने की कोशिश करें। नकद खर्च करने से आप सोच-समझकर पैसे निकालेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** : परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**वृषभ** : धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**मिथुन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति से दूर रहें। कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाएँगे।

**कर्क** : आज धनलाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बाहरी शत्रु से सतर्क रहें। नौकरीपेशा कार्यस्थल पर काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है। स्वयं तथा माता को शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**सिंह** : सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**कन्या** : मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। समय का सदुपयोग होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**तुला** : व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**वृश्चिक** : अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी।

**धनु** : प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। आशानुरूप स्थिति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा।

**मकर** : मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**मीन** : व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कॉकरोचों से हैं परेशान?

### जानिए घरेलू इलाज

गर्मी और बरसात के मौसम में घरों, दुकानों, होटलों और बाजारों में इनकी भरमार देखने को मिल रही है. मक्खियां और कॉकरोच न केवल लोगों की परेशानी बढ़ाते हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकते हैं, जिससे लोग काफी परेशान रहते हैं. ऐसे में आज हम आपको कुछ आसान घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से इनसे छुटकारा पाया जा सकता है.



मक्खियां अक्सर गंदगी, कूड़े-कचरे और सड़े-गले पदार्थों पर बैठती हैं. इसके बाद जब वे खाने-पीने की चीजों पर बैठती हैं तो अनेक प्रकार के बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीव भोजन तक पहुंच सकते हैं. वहीं, कॉकरोच रसोईघर, नालियों और नम स्थानों में पनपते हैं तथा खाद्य पदार्थों को दूषित कर सकते हैं. इसके कारण पेट संबंधी समस्याएं, फूड प्वाइजनिंग, डायरिया, टाइफाइड और एलर्जी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है.

मक्खियों और कॉकरोच से बचाव के लिए घर के कोनों और रसोईघर के आसपास नीम की पत्तियां रखी जा सकती हैं या नीम के तेल का सीमित छिड़काव किया जा सकता है. माना जाता है कि नीम में प्राकृतिक कीट-प्रतिरोधी गुण होते हैं, जिसकी गंध से मक्खियां और कॉकरोच दूर रहने की कोशिश करते हैं. नियमित सफाई के साथ इस उपाय को अपनाने से इनकी संख्या कम करने में मदद मिल सकती है.

किचन में मौजूद तेज पत्ता सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि कॉकरोच को भगाने के लिए भी उपयोगी माना जाता है. मिली जानकारी के अनुसार तेज पत्ते की तेज खुशबू कॉकरोच को पसंद नहीं आती, जिससे वे उन जगहों से दूर रहते हैं. अगर घर में कॉकरोच अक्सर दिखाई देते हैं, तो अलमारी, किचन और सिंक के आसपास तेज पत्ते रखे जा सकते हैं. माना जाता है कि इसकी गंध से कॉकरोच दूर भाग जाते हैं.

किचन में मौजूद बेकिंग सोडा खाने के साथ-साथ कॉकरोच भगाने के लिए भी उपयोगी माना जाता है. अगर आप भी कॉकरोच की समस्या से राहत पाना चाहते हैं तो बेकिंग सोडा और चीनी को मिलाकर एक मिश्रण तैयार कर लें. इसके बाद इस मिश्रण को घर के कोनों में रख सकते हैं. माना जाता है कि चीनी कॉकरोच को आकर्षित करती है, जबकि बेकिंग सोडा उनके लिए नुकसानदायक साबित होता है. धीरे-धीरे इससे कॉकरोच की समस्या कम हो सकती है.

# तरबूज काटने का तरीका

### सबसे पहले करें सही कट

तरबूज को काटने से पहले उसे अच्छी तरह धो लें ताकि उसकी बाहरी सतह पर मौजूद धूल-मिट्टी साफ हो जाए. इसके बाद एक बड़ा और तेज धार वाला चाकू लें. अधिकतर लोग तरबूज को ऊपर से नीचे की तरफ काटते हैं, लेकिन नेहा की रसोई के अनुसार इसे बीच से आड़ा काटना ज्यादा बेहतर रहता है. ऐसा करने पर तरबूज दो बराबर हिस्सों में बंट जाता है और उसके अंदर बीजों की बनावट साफ दिखाई देने लगती है.

**पहला तरीकाः बीजों की लाइन पहचानें**

कटे हुए हिस्से में से एक भाग को चॉपिंग बोर्ड पर रखें. अब इसे ऊपर से नीचे की तरफ दो हिस्सों में काट लें. ऐसा करते ही आपको अंदर बीजों की एक सीधी कतार नजर आएगी. असल में तरबूज के बीज पूरी तरह बिखरे नहीं होते, बल्कि एक खास पैटर्न में मौजूद रहते हैं.

**पतली स्लाइस काटें और बीज अलग करें**

अब बीजों की लाइन को ध्यान में रखते हुए पतली-पतली लंबी स्लाइस काट लें. इस तरीके से काटने पर बीज पूरी स्लाइस में फैलने के बजाय सिर्फ एक किनारे पर दिखाई देंगे. इसके बाद चाकू की नोक या सपाट हिस्से को बीजों की लाइन पर हल्के से चलाएं. एक ही स्ट्रोक में ज्यादातर बीज नीचे गिर जाएंगे. इस तरह बिना ज्यादा मेहनत के साफ स्लाइस तैयार हो जाएंगी.

**दूसरा तरीकाः राउंड पीस वाला हैक**

अगर आप लंबी स्लाइस नहीं बनाना चाहते तो दूसरा तरीका भी काफी आसान है. इसके लिए तरबूज के गोल-गोल चक्के काट लें. जब आप इन गोल टुकड़ों को ध्यान से देखेंगे तो बीच में एक प्राकृतिक गोलाकार हिस्सा नजर आएगा. इसी हिस्से के आसपास अधिकतर बीज मौजूद होते हैं.

**सेंटर सर्कल निकालते ही साफ हो जाएंगे बीज**

अब चाकू की मदद से उस गोल हिस्से के चारों ओर कट लगाएं और बीच का भाग बाहर निकाल लें. ऐसा करते ही अधिकतर बीज अपने आप अलग हो जाएंगे. अगर कुछ बीज रह भी जाएं तो उस हिस्से को दो टुकड़ों में काटकर आसानी से निकाल सकते हैं. इसके बाद आपके पास लगभग बिना बीज वाला तरबूज तैयार होगा, जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक आराम से खा सकेंगे.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लकड़ी कटवाने के बदले मांगी 18 हजार की घूस, एंटी करप्शन के जाल में फंस गया वन दरोगा

**रायबरेली.** रायबरेली में एंटी करप्शन की टीम ने एक घूसखोर वन दरोगा को रंगे हाथ पकड़ा है। वन दरोगा ने प्रतिबंधित लकड़ी कटवाने के बदले में 18 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर एंटी करप्शन ने वन दरोगा को पकड़ने के लिए जाल बिछाया, जिसमें वह फंस गया। बछरावा थानाक्षेत्र स्थित लालगंज रोड पर गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने एक वन दरोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ने प्रतिबंधित लकड़ी कटवाने के एवज में घूस मांगी थी। गुरुवार को पीड़ित की शिकायत पर लखनऊ से पहुंची एंटी करप्शन टीम ने रेंजर कार्यालय में 18 हजार रुपये घूस लेते हुए दरोगा को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने बछरावां थाने में आरोपी वन दरोगा के खिलाफ तहरीर दी और पूछताछ के लिए वन दरोगा को लखनऊ लेकर रवाना हो गई। आरोपी दरोगा की पहचान संजय यादव के रूप में हुई है।

### मस्जिद से पानी लेने गई बच्ची से इमाम ने रेप किया, एनकाउंटर में गोली मारकर पुलिस ने पकड़ा

**फिरोजाबाद.** फिरोजाबाद जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में मस्जिद से पानी लेने गई किशोरी से दुष्कर्म करने वाले इमाम को बुधवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर एसपी सिटी और सीओ सिटी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। रामगढ़ क्षेत्र की रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी जन्नती मस्जिद के मदरसा में उर्दू पढ़ने के लिए जाती थी। वह रविवार दोपहर मस्जिद में लगे आरओ वाटर मशीन से ठंडा पानी लेने के लिए गई थी। इसी दौरान इमाम जाकिर हाफिज पुत्र बाबू खां निवासी दीदामई नूर नगर ने अकेला देखकर उसे जबरन पकड़ लिया था और मुंह दबाकर अपने कमरे में ले गया था। उसने किशोरी से दुष्कर्म किया। किशोरी ने विरोध किया तो इमाम ने उसका मुंह बंद कर लिया था और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने इमाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### बच्चों के झगड़े में बड़े भाई ने छोटे को मार डाला; ईंट से हमला फिर हंसिया से काटा

**इटावा.** इटावा के सैफई के वैदपुरा क्षेत्र के अधियापुरा गांव में मंगलवार शाम बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। झगड़े के दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई पर ईंट-पत्थरों और हंसिया से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौका-ए-वारदात पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपित को पकड़ लिया है। सीओ केपी सिंह ने बताया कि अधियापुरा गांव निवासी 36 वर्षीय सुशील मंगलवार शाम नशे की हालत में अपने बड़े भाई शिवशंकर के बच्चों के साथ गाली-गलौज करने लगा। बच्चों ने इसकी शिकायत शिवशंकर से की तो वह भी शराब के नशे में आया और सुशील से कहासुनी करने लगा। दोनों भाई झगड़ने लगे।

ग्रामीणों ने बताया कि देखते ही देखते दोनों में मारपीट होने लगी। शिवशंकर ने पहले ईंट-पत्थरों से छोटे भाई सुशील पर हमला किया और बाद में हंसिया से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल सुशील जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे खून से लथपथ देखा तो पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंचती, सुशील की सांसें थम चुकी थीं। ग्रामीणों ने बताया कि पिता रामसेवक का पहले ही निधन हो चुका है। मां सरला देवी एक रिश्तेदारी में गई हुईं थीं। वहीं, शराब की लत से परेशान होकर शिवशंकर की पत्नी दो साल से मायके में है।

# TMC बर्बाद हो गई, लेकिन अभिषेक का घमंड नहीं गया

- ममता को कल्याण बनर्जी की दो टूक- भतीजा या हम



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को इन दिनों लगातार झटके लग रहे हैं। पहले विधायकों ने अलग गुट बना लिया। अब सांसदों का खेमा भी तैयार हो रहा है। अब तक कई राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा नेताओं से मिलना शुरू कर दिया है। इस सबके बीच ममता बनर्जी के सबसे करीबी सांसदों में शुमार कल्याण बनर्जी ने भी अपने तेवर दिखा दिए हैं। उन्होंने ममता से साफ-साफ शब्दों में कहा है कि या तो आप अपने भतीजे यानी अभिषेक बनर्जी को पार्टी में रखें या हमें रहने दें। हम दोनों साथ-साथ नहीं रह सकते हैं। इस बयान के बाद उनके भी ममता का साथ छोड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। आपको बता दें कि कल्याण बनर्जी वही सांसद हैं जिन्होंने बागी सांसदों के खिलाफ एक ही दिन पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमला बोला था।

आनंदबाजार पत्रिका ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि कल्याण बनर्जी का कहना है कि अभिषेक बनर्जी ने उनके साथ बदतमीजी की है। इसके लिए उन्होंने कल की एक घटना का जिक्र किया, जिसमें उनसे काफी जूनियर वकील को अभिषेक ने कलकत्ता हाईकोर्ट में अपने केस की पैरवी के लिए चुना। इससे पहले कल्याण बनर्जी ही उनका केस लड़ रहे थे। इस बात से वह काफी आहत हैं।

कल्याण बनर्जी ने ममता बनर्जी से अपील करते हुए कहा, 'मैंने साफ-साफ कह दिया कि अब मैं अभिषेक बनर्जी के साथ नहीं रहूंगा। ना ही उनके साथ काम करूंगा। उन्होंने मेरे साथ बदतमीजी की है, जिसे मैं कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं ममता बनर्जी से कहूंगा कि या तो अभिषेक को तृणमूल कांग्रेस में रखें और हमें पार्टी से बाहर जाने दें। या फिर हमें टीएमसी में रखें और अभिषेक को पार्टी से निकाल दें।'

# केरलम में निपाह वायरस लौटा

- संक्रमित वेंटिलेटर पर
- हॉस्पिटल स्टाफ क्वारंटीन
- राज्य में इस साल पहला केस
- 8 साल में छठी बार संक्रमण



**तिरुवनंतपुरम.** केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मिला है। इसकी जानकारी गुरुवार को सामने आई। मरीज 43 साल का है और कोझिकोड का रहने वाला है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है।

स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा, मरीज कई लोगों के संपर्क में आया था। अस्पताल के स्टाफ और उसके संपर्क में आए संभावित लोगों को क्वारंटीन रहने को कहा गया है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है।

2018 के बाद से केरलम में छठी बार संक्रमण फैला है। आखिरी बार दो साल पहले 2024 में दो केस मिले थे। इनमें एक मरीज की जान चली गई थी।

### मरीज निपाह वायरस की चपेट में कैसे आया

अधिकारियों के मुताबिक, मरीज ने हाल ही में एक गोदाम किराए पर लिया था और खुद उसकी सफाई की थी। आशंका है कि इसी दौरान वह संक्रमण की चपेट में आया। निपाह वायरस मुख्य रूप से फ्रूट बैट (फल खाने वाले चमगादड़ों) से फैलता है।

# सिंगर गुरु रंधावा के जिम पर फायरिंग

- लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली
- लिखा- समझाया था सलमान से दूर रह, वह हमारा दुश्मन



**नई दिल्ली.** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में गुरुवार तड़के एक जिम के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह जिम दिल्ली में राजौरी गार्डन के रहने वाले 2 कारोबारियों का है। इसके ब्रांड एंबेसडर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा हैं।

वारदात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कुख्यात लॉरेंस गैंग ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। साथ ही गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने एक ऑडियो जारी कर गुरु रंधावा को जान से मारने की धमकी भी दी है। पोस्ट में गुरु रंधावा के बारे में लिखा है- इसे समझाया था कि सलमान खान से दूर रह, वह हमारा दुश्मन है, लेकिन ये उसके बहुत करीबी बन रहा था। जितने भी देशद्रोही हैं, जहां भी छिपे हैं, वहीं पर मारेंगे।

हमलावरों ने जिम पर कम से कम 7 राउंड गोलियां चलाईं और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। हालांकि, वारदात में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जबरन वसूली, गैंगवार और आपसी रंजिश समेत सभी एंगल से जांच शुरू कर दी है।

### CBSE पोर्टल को हैक करने वाले निसर्ग का मुरीद हुआ IIT कानपुर

आमतौर पर नौकरी के लिए उम्मीदवार अपना बायोडाटा और आवेदन पत्र भेजते हैं, लेकिन 19 वर्षीय निसर्ग अधिकारी को आईआईटी कानपुर में नौकरी उनके एक ब्लॉग पोस्ट की बदौलत मिली। निसर्ग हाल में CBSE बोर्ड के नए मार्किंग सिस्टम पोर्टल को हैक करने को लेकर चर्चा में आए थे। निसर्ग ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के ऑनलाइन पोर्टल में मौजूद सुरक्षा खामियों को उजागर करते हुए एक ब्लॉग लिखा था, जिसने IIT कानपुर का ध्यान अपनी ओर खींचा। आईआईटी कानपुर ने निसर्ग को अपने टेक्नोलॉजी इनोवेशन हबकी साइबर सुरक्षा टीम में ओपन सोर्स इंटेलिजेंस (OSINT) और थ्रेट इंटेलिजेंस इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया है। हाल ही में 12वीं की परीक्षा पास करने वाले निसर्ग संस्थान में नियुक्त होने वाले सबसे कम उम्र के इंजीनियरों में शामिल हैं।

# बिहार में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत

- यूपी में तूफान से पेट्रोल पंप की छत गिरी, 3 मौतें
- 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट





**नई दिल्ली.** मानसून ने गुरुवार को बिहार में एंट्री कर ली है। इसके साथ ही मानसून 17 राज्यों में पहुंच चुका है। वहीं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी मानसून आगे बढ़ गया है। बिहार के 11 जिलों में आज सुबह से आंधी-बारिश हो रही है।

राज्य के खगड़िया में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए हैं। पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में सुबह-सुबह घने बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यहां आंधी के साथ बारिश हुई।

इधर, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट करनी पड़ीं। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल में भी बरसात हुई।

यूपी में आंधी से एक पेट्रोल पंप की छत उड़ गई। वहीं, चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत उड़ गई। इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में हादसों में 3 लोगों की मौत हुई। वहीं पंजाब के मानसा में तेज आंधी में लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई।

### 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट

आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है।

# केरल में पकड़े गए घुसपैठियों ने उड़ाए होश!

**तिरुवनंतपुरम.** केरल से सुरक्षा के लिहाज से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि केरल के विभिन्न हिस्सों में लगभग 10,000 बांग्लादेशी नागरिक फर्जी पहचान दस्तावेजों के सहारे 'प्रवासी मजदूर' बनकर रह रहे हैं। इस बड़े अवैध नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने कोल्लम जिले के कोट्टारक्करा में 10 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। राज्य में कई बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं और वह भी बिल्कुल भारतीय नागरिकों की तरह। इस खुलासे का सबसे हैरान करने वाला पहलू यह है कि इन लोगों ने चंद रुपयों के एवज में अपने फर्जी भारतीय पहचान पत्र भी बनवा लिए हैं।



- घुसपैठ और फर्जी पहचान का तरीका

जांचकर्ताओं के अनुसार, घुसपैठ का यह सिलसिला आमतौर पर बांग्लादेश सीमा से शुरू होता है। ये लोग सबसे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जैसे इलाकों में पहुंचते हैं और वहां से शुरुआती फर्जी दस्तावेज बनवाते हैं। इसके बाद बेहतर रोजगार की तलाश में ये देश के अन्य हिस्सों, विशेषकर केरल का रुख करते हैं। पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर बनकर केरल पहुंचने के बाद, ये लोग स्थानीय पतों का इस्तेमाल करके पूरी तरह से भारतीय पहचान अपना लेते हैं और यहीं बस जाते हैं।

### सिर्फ 700 रुपये में बन रहे अहम दस्तावेज

अंग्रेजी समाचार वेबसाइट 'मातृभूमि' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केरल में इन बांग्लादेशी नागरिकों को महज 700 रुपये देकर आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे अति-महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज उपलब्ध हो रहे हैं। इन्हीं जाली दस्तावेजों के सहारे वे खुद को भारतीय बताते हुए आराम से रह रहे हैं।

### 28 दिनों से लापता 6 नागा लोगों की बेरहमी से हत्या

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों ने बुधवार को उन छह नागा लोगों के शव बरामद कर लिए हैं, जिनका 13 मई को कथित तौर पर कुकी हथियारबंद गुटों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। शव मिलने के बाद से राज्य में एक बार फिर भारी तनाव है। नगाओं के शीर्ष निकाय 'यूनाइटेड नागा काउंसिल' ने नागा इलाकों में 24 घंटे के बंद का ऐलान किया है। इसके अलावा, संगठन ने राज्य की डिप्टी सीएम नेमचा किपगेन को उनके पद से हटाने की कड़ी मांग की है। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने जानकारी दी कि मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और CRPF की लगभग 15 टीमों ने 24 घंटे तक सघन अभियान चलाया.

# ईरान का बहरीन, कुवैत, जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला

- अमेरिकी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई
- ट्रम्प बोले थे- हेलिकॉप्टर गिराने का बदला लेंगे



ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर कुल 21 हमले करने का दावा किया। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि नुकसान की जानकारी बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही है।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा कि ये हमले अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं। इससे पहले अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और निगरानी रडार ठिकानों पर हवाई हमले किए थे।

इससे पहले सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी सेना का अपाचे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। एक दिन बाद ट्रम्प ने इसका आरोप ईरान पर लगाया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका इस हमले का जवाब जरूर देगा और इसके जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि ईरान ने अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराने की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### अमेरिका ने ईरान पर हवाई हमले किए

होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर गिरने के बाद अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमले किए। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि हेलिकॉप्टर ईरान ने गिराया था, जबकि तेहरान ने हर हमले का जवाब देने की चेतावनी दी।

### ट्रम्प बोले- 2 हफ्ते में ईरान पर 'पूरी जीत' का ऐलान करेंगे

रिपब्लिकन रैली में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ बढ़त बनाए हुए है और अगले दो हफ्तों में 'टोटल विक्ट्री' घोषित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे तेल की कीमतें भी नीचे आएंगी। इजराइली सेना प्रमुख एयाल जामिर ने कहा कि हालिया ऑपरेशन सिर्फ शुरुआत थी। जरूरत पड़ने पर इजराइल ईरान पर और बड़े हमले करने के लिए तैयार है।

# आज से सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्डकप

- पहली बार 12 टीमें और 33 मैच
- 14 जून को पाकिस्तान से मुकाबला

10वां विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होगा। पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। इस बार 12 टीमें 24 दिनों में 33 मुकाबले खेलेंगी।

यह अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप होगा। टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड है। टीम ने 2024 में पहली बार खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया 6 ट्रॉफी के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है।

भारत कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम ने 4 बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई है। भारत इस बार ग्रुप ऑफ डेथ में है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका जैसी टीमें हैं। भारत का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान से होगा।

2009 में पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड में हुआ था। टूर्नामेंट में 8 टीमें शामिल थीं। मेजबान इंग्लैंड ही पहली चैंपियन बनी थी। शुरुआती 3 वर्ल्ड कप तक 8 टीमें खेलती थीं। 2014 से टीमों की संख्या बढ़कर 10 हुई। 2026 में पहली बार 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंग्लैंड 17 साल बाद वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है।

12 टीमों को 6-6 के दो ग्रुप A और B में बांटा गया है। ग्रुप स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। इसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी।




# 36 हजार भारतीय सिम कंबोडिया में एक्टिव

## साइबर धोखाधड़ी के लिए इन्हीं में से 5,300 कार्ड का इस्तेमाल किया गया

- राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी




**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंबोडिया से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है।

जांच में खुलासा हुआ है कि हजारों भारतीय सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिव कर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाए जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत में बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा था।

जांच के दौरान एजेंसी ने करीब 2.3 लाख संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। इसमें सामने आया कि लगभग 36 हजार भारतीय सिम कार्ड कंबोडिया में सक्रिय थे।

- 5300 सिम भारत में साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल

इनमें से करीब 5300 सिम कार्ड सीधे तौर पर भारत में साइबर फ्रॉड के मामलों में इस्तेमाल किए गए। जांच एजेंसियों के अनुसार इन नंबरों के जरिए देशभर में सैकड़ों करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया।

ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जोधपुर साइबर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की।

5 जून को शुरू हुई इस कार्रवाई के तहत राजस्थान के किशनगढ़, नागौर और जोधपुर के साथ पंजाब के लुधियाना में कुल सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान ईडी ने बड़ी संख्या में दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 14 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

- मलेशियाई नागरिकों के जरिए भेजी जाती थीं सिम

ईडी के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था। सिम विक्रेता टेलीकॉम कंपनियों की पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) आईडी का उपयोग कर लोगों को नया सिम लेने या मोबाइल नंबर पोर्ट कराने के बहाने बुलाते थे।

# मेजर प्रभात ने 91 देशों को पछाड़ जीते 2 शीर्ष सैन्य अवॉर्ड

- पहली बार भारतीय को सम्मान
- अमेरिका में गूंजा भारत का नाम



भारतीय सेना के मेजर प्रभात मिश्रा ने अमेरिकी सेना कमांड और जनरल स्टाफ कॉलेज (सीजीएससी) में दो शीर्ष शैक्षणिक अवॉर्ड जीते हैं। मेजर मिश्रा को उत्कृष्ट मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस के लिए बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड दिया गया है। वहीं, जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। 10 महीने के इस नेतृत्व कार्यक्रम में 92 देशों के अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष 951 को उपाधि मिली।

अमेरिका का यह कॉलेज दुनिया के सबसे प्रमुख सैन्य शिक्षा संस्थानों में से एक है। 1894 से 170 देशों के 8,700 अफसर प्रशिक्षण ले चुके हैं।

मेजर प्रभात मिश्रा को अमेरिका के कंसास स्थित फोर्ट लीवनवर्थ में यूएस आर्मी कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज के कमांड एंड जनरल स्टाफ ऑफिसर कोर्स के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया।

# एमपी- भाजपा ने तीनों राज्यसभा सीट निर्विरोध जीतीं

- कांग्रेस उम्मीदवार नटराजन के रद्द नामांकन पर चुनाव आयोग की चुप्पी
- आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



**भोपाल.** मध्य प्रदेश में भाजपा ने तीनों राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल कर ली है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को पार्टी उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल, तरुण चुग और महेश केवट को निर्वाचन सर्टिफिकेट दे दिए हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी। मामले पर चुनाव आयोग ने भी कोई फैसला नहीं दिया है। ऐसे में तीनों सीटों पर बीजेपी की जीत तय मानी जा रही थी।

दरअसल, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया था। इसके खिलाफ बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में निर्वाचन आयोग से मुलाकात की थी। कांग्रेस की शिकायत पर आयोग की तरफ से कोई बयान नहीं आया था।

- कांग्रेस ने रिजल्ट पर रोक लगाने की मांग की थी

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कांग्रेस के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मामले की सुनवाई आज ही की जाए, क्योंकि नाम वापस लेने की आखिरी समय-सीमा आज दोपहर 3 बजे तक है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें अभी तक याचिका की कॉपी नहीं मिली है, इसलिए जवाब देने के लिए समय चाहिए। सिंघवी ने जवाब में कहा कि अगर सुनवाई अगले दिन भी हो, तो तब तक चुनाव का नतीजा घोषित नहीं किया जाए।

अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में कानून पहले से स्पष्ट है और याचिका को अगले दिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। सुनवाई टलने के बाद कांग्रेस ने फिर मांग की कि कोर्ट के फैसले तक चुनाव परिणाम घोषित न किए जाएं। कांग्रेस ने यह याचिका बुधवार और गुरुवार की रात 1:48 बजे ऑनलाइन दाखिल की थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर ने नामांकन रद्द करने का फैसला गैरकानूनी, मनमाने और पक्षपातपूर्ण तरीके से लिया।

संक्षेप...

## BEST बस ने 2 पैदल यात्रियों को मारी टक्कर

**मुंबई.** मुंबई में BEST बस हादसों को लेकर चिंता के बीच कांदिवली पश्चिम के रघुलीला मॉल के पास एक और दुर्घटना सामने आई है। CCTV फुटेज में कैद इस घटना में सड़क पार कर रहे दो पैदल यात्रियों को BEST बस ने टक्कर मार दी। राहत की बात यह रही कि दोनों की जान बच गई, हालांकि उन्हें चोटें आई हैं। घटना सोमवार को हुई, ठीक उसी दिन जब दादर के प्लाजा सिनेमा के पास एक बेकाबू BEST बस कई वाहनों से टकरा गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे।

CCTV वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक और एक महिला सड़क पार कर रहे थे। सड़क के बीच पहुंचने पर युवक ने बाईं ओर से आती बस को देखा और अपने साथ चल रहे व्यक्ति को सतर्क करने की कोशिश की, लेकिन तब तक बस काफी नजदीक पहुंच चुकी थी।

# बुजुर्ग से मारपीट मामले में कैब चालक के खिलाफ 14 घंटे बाद FIR

### एकनाथ शिंदे के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

**ठाणे.** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को ठाणे में एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोपी कैब ड्राइवर के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है. यह घटना मंगलवार (10 जून) शाम ठाणे में जुपिटर अस्पताल के पास हुई, जब बुजुर्ग व्यक्ति ने ड्राइवर द्वारा सड़क पर थूकने पर आपत्ति जताई थी.

इस मामले में घटना के 14 घंटे बाद एक्शन लिया गया है. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद वर्तक नगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109 (हत्या के प्रयास) और धारा 352 के तहत एफआईआर दर्ज की है.



### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम एक बुजुर्ग व्यक्ति ने सड़क पर थूक रहे एक कैब ड्राइवर को ऐसा करने से रोका था. इसी बात से नाराज होकर ड्राइवर वाहन से नीचे उतरा और बुजुर्ग के साथ कथित तौर पर बेरहमी से मारपीट की. घटना के दौरान आरोपी ड्राइवर को हाथ में पत्थर उठाकर हमला करने की कोशिश करते हुए भी देखा गया था. बुजुर्ग की पत्नि और कुछ लोग इस हमले को रोकते नजर आये. इस हमले में बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जा रहा है कि उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला.

### शिवसैनिकों ने आरोपी कैब ड्राइवर को पकड़ा

घटना के बाद स्थानीय शिवसैनिकों ने आरोपी कैब ड्राइवर की तलाश कर उसे पकड़ लिया. आरोपी को पकड़कर वर्तक नगर पुलिस थाने लाया गया, जहां उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई. इस मामले में एक अहम मोड़ तब आया जब मारपीट का शिकार हुए बुजुर्ग दंपति शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आए. इसके बाद शिवसैनिक नितेश पाटोले ने स्वयं शिकायतकर्ता बनकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

### एकनाथ शिंदे ने मामले पर लिया संज्ञान

घटना की जानकारी मिलते ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मामले पर संज्ञान लिया और ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुम्बरे को आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. शिंदे ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने का विरोध करने पर किसी नागरिक के साथ इस तरह की हिंसा को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगी.

# उल्हासनगर भाजपा द्वारा मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारियों का सम्मेलन




**उल्हासनगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के उल्हासनगर जिला कार्यालय में व्यापारियों एवं बुद्धिजीवियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती मंगला चांडा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आमदार कुमार आयलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधारिया, प्रदीप रामचंदानी, प्रशांत पाटील, विनोद गोवानी, अजीत सिंह लबाना सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी एवं बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सम्मेलन में वक्ताओं ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र को मिले प्रोत्साहन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाया है।

आमदार कुमार आयलानी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों के कारण देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों एवं बुद्धिजीवियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं विकास संबंधी विषयों पर चर्चा की। अंत में आयोजक मंगला चांडा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों ने मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना की।

# टेम्पो में बेहोश मिलीं 2 जर्सी गायें




### टेम्पो ड्राइवर फरार

**कल्याण.** महात्मा फुले पुलिस स्टेशन की पेट्रोलिंग पुलिस की सतर्कता से कल्याण के संतोषी माता रोड इलाके में अचीवर्स कॉलेज के रास्ते में एक टेम्पो से दो जर्सी गायें बेहोश हालत में मिलीं. दो दिन पहले, पुलिस सुबह-सुबह संतोषी माता रोड इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी समय, उन्होंने सड़क के किनारे खड़े एक टेम्पो से खड़खड़ाहट की आवाज़ सुनी। जैसे ही पुलिस उस टेम्पो की तरफ गई, उस टेम्पो का ड्राइवर भाग गया। पेट्रोलिंग पुलिस ने तुरंत अपनी सीनियर पुलिस सब-इंस्पेक्टर अश्लेषा घाटगे को बताया। वह तुरंत पंच लेकर मौके पर पहुंचीं। वेटनरी मेडिकल ऑफिसर मौके पर पहुंचे। मजदूरों की मदद से इन गायों को टेम्पो से निकाला गया जहां वे बंधी हुई थीं। वेटनरी मेडिकल ऑफिसर ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया। कुछ देर बाद जब ये जर्सी गायें होश में आईं, तो उनके चारे-पानी का इंतज़ाम किया गया। और उन्हें सही जगह पर ले जाकर बांध दिया गया।

पुलिस ने कॉन्स्टेबल राजाराम मोहंदुले की कंप्लेंट पर महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में इस टेंपो के फरार ड्राइवर और इन गायों को चुराने, और काटने के लिए ले जाने वाले के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस ने इन दोनों जर्सी गायों की मार्केट वैल्यू करीब Rs 30,000 पाई। इन दोनों गायों की कीमत Rs 60,000 है। टेंपो की कीमत Rs 4.5 लाख है। इसलिए, पुलिस ने मौके से कुल पांच लाख से ज़्यादा का सामान ज़ब्त किया है। इस ऑपरेशन में कॉन्स्टेबल सुकलाल चौधरी शामिल थे।

# 3 दिन की कोशिशों के बाद तेंदुए का बच्चा माँ की गोद में सुरक्षित

**बदलापुर.** 72 घंटे के रोमांचक और बिना थके मिशन के बाद, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और 'RAWW' ऑर्गनाइज़ेशन आखिरकार एक नवजात तेंदुए के बच्चे को उसकी माँ से मिलाने में कामयाब हो गए हैं, जो मुरबाड तालुका के सरलगाँव के पास व्यापारी-मानवली इलाके से भटक गया था और जिसे आवारा कुत्तों के हमले से बचाया गया था। यह मिशन, जिसे फॉरेस्ट स्टाफ और वॉलंटियर्स ने पिछले तीन दिनों से सिर्फ़ ढाई घंटे की नींद लेकर मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके किया था, बुधवार देर रात पूरा हुआ। वाइल्डलाइफ़ लवर्स इस पूरी टीम की तारीफ़ कर रहे हैं।

सोमवार, 8 जून को, व्यापारी-मानवली में आदिवासी वाडी के पास झाड़ियों में स्थानीय लोगों को एक नए जन्मे तेंदुए का बच्चा अकेला मिला। जैसे ही इलाके के आवारा कुत्तों को बच्चे के बारे में पता चला, उन्होंने उस पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, सावधानी बरतते हुए वहां मौजूद कुछ आदिवासी युवकों ने कुत्तों को भगाया और शावक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

सरपंच मुकणे और जागरूक नागरिक नरेश व्यापारी की सतर्कता के कारण तुरंत वन विभाग को बुलाया गया। वन विभाग ने शावक को अपने कब्जे में लिया और सीधे मुरबाड तालुका के मसले बेलपाड़ा में RAWW-अश्वमेध ITC सेंटर ले आया। यहां, ठाणे जिले के मानद वन्यजीव वार्डन अविनाश हरद, पवन शर्मा और वन विभाग के अधिकारियों ने शावक की शुरुआती जांच की। वेटेरिनरी ऑफिसर डॉ. श्रवण सिंह और डॉ. सूर्यराव के मार्गदर्शन में, बछड़े की मेडिकल जांच की गई और उचित इलाज दिया गया।



शावक को लंबे समय तक उसकी मां से दूर रखना खतरनाक था, इसलिए पहली रात से ही शावक और मादा तेंदुए को मिलाने की कोशिशें शुरू कर दी गईं। ठाणे वन विभाग के डिप्टी कंजर्वेटर रेपाल के मार्गदर्शन में और जुन्नर में माणिकडोह लेपर्ड केयर सेंटर के एक्सपर्ट्स की सलाह से, बछड़े को रात में एक तय जगह पर रखा गया, जिसमें उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। पहली रात को मादा तेंदुआ ट्रैप कैमरे में कैद हो गई कि वह वहाँ पहुँच गई है। हालाँकि, हालात का अंदाज़ा लगाकर, वह बच्चे को लिए बिना ही चली गई। क्योंकि इलाके में आवारा कुत्ते, लोमड़ी और सियार मौजूद थे, इसलिए जंगल विभाग ने सुबह होने से पहले बच्चे को सुरक्षित वापस अपने कब्ज़े में ले लिया।

अगले दिन, पूरा दिन बच्चे की मेडिकल जाँच और देखभाल में बीता। इस मिशन की गोपनीयता बनाए रखने की अपील की गई। बदकिस्मती से, बारिश और दूसरी खराब वजहों से मादा तेंदुआ दूसरी रात इलाके में नहीं घूमी। हालाँकि, तीसरे दिन, 'RAWW' संस्था ने मॉडर्न टेक्नोलॉजी, यानी थर्मल कैमरे, स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट ड्रोन, ट्रैप कैमरे और साउंड रिकॉर्डर का इस्तेमाल किया। इससे जंगल के कर्मचारियों और मादा तेंदुआ के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना आसान हो गया।

# कल्याण में ऐतिहासिक मूर्तियों की खोज

### हज़ारों साल पुरानी संस्कृति की दे रही गवाही

**कल्याण.** मुरबाड तालुका के शेलारी इलाके में मिली पुरानी पत्थर की मूर्तियों की वजह से इस इलाके की ऐतिहासिक विरासत एक बार फिर चर्चा में आ गई है। इतिहासकार योगेंद्र बांगर ने बताया कि नेचर टूरिज्म सेंटर के इलाके में मिट्टी और पत्तियों में थोड़ी दबी ये मूर्तियां हज़ारों साल पुरानी संस्कृति की गवाही देती हैं। पत्थर की यह मूर्ति पुराने आर्किटेक्चर का एक मास्टरपीस लगती है।

मूर्ति पर बाघ, हाथी, मोर, कमल और ऊंट जैसी आकृतियां बनी हुई हैं। समय के साथ खराब होने के बावजूद, इस पर की गई नक्काशी आज भी साफ दिखाई देती है। जानकारों का मानना है कि यह उस समय की मूर्तिकला की समृद्ध परंपरा को दिखाता है। मूर्ति के बेस पर की गई नक्काशी उस समय की कला शैली, कमर्शियल कल्चर और धार्मिक-सांस्कृतिक लेन-देन को दिखाती है। इससे पहले, 2,500 साल पुराना माना जाने वाला एक पत्थर का कलश भी मिला था और उसे संभालकर रखा गया था। इसलिए, ऐसे संकेत मिलते हैं कि इस इलाके में पुरानी इंसानी बस्तियां, खेती-बाड़ी का कल्चर और लाइफस्टाइल मौजूद था।



इस बीच, स्थानीय लोगों और इतिहास के शौकीनों ने मांग की है कि इन पुरानी मूर्तियों का आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट से सर्वे कराया जाए और उन्हें संभालकर रखा जाए। उम्मीद है कि अगर आगे रिसर्च की गई, तो इलाके के दूसरे आर्कियोलॉजिकल अवशेष और ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी सामने आएंगे।

योगेंद्र बांगर के मुताबिक, गोरखगढ़ जाने वाला पुराना ट्रेडिंग और ट्रैफिक रूट इसी इलाके से होकर गुजरता था। सह्याद्री से व्यापारियों, यात्रियों और संतों के आने-जाने की वजह से यह इलाका ऐतिहासिक रूप से अहम था। मूर्ति पर ऊंट की आकृति राजस्थान के ट्रेडिंग कल्चर से जुड़ी हो सकती है। हो सकता है कि किसी राजस्थानी व्यापारी ने इस जगह को दान दिया हो या कमर्शियल फायदे के लिए इस मूर्ति को बनाने को बढ़ावा दिया गया हो।

# बिना इजाज़त चल रही मसाला मिलों के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन



**ठाणे.** स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मनपा मुख्यालय पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें प्रशासन पर ठाणे के महात्मा फुले मार्केट में बिना इजाज़त चल रही मसाला मिलों के खिलाफ़ कोई ठोस कार्रवाई न करने का आरोप लगाया, जिससे इलाके में बहुत ज़्यादा शोर और हवा का प्रदूषण हो रहा है। विधायक संजय केलकर ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और प्रशासन और सहयोगी पार्टियों पर बिना इजाज़त चल रहे कारोबार का समर्थन करने और नागरिकों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। महात्मा फुले मार्केट में करीब 500 छोटे-बड़े व्यापारी कारोबार कर रहे हैं। इस मार्केट में बिना लाइसेंस के मसाला मिलें चल रही हैं और शोर और हवा के प्रदूषण के कारण व्यापारियों और स्थानीय निवासियों की सेहत को खतरा है। यहां के व्यापारियों और निवासियों ने विधायक संजय केलकर से मिलकर इसकी शिकायत की थी। मिस्टर केलकर के फॉलो-अप के बाद इन मिलों के खिलाफ़ कार्रवाई की गई, लेकिन जब वे फिर से शुरू हुईं, तो स्थानीय लोग गुस्से में आ गए। आज व्यापारियों और लोगों ने ठाणे मनपा मुख्यालय पर मार्च निकालकर एडमिनिस्ट्रेशन के खिलाफ विरोध किया। इस मौके पर विधायक संजय केलकर शामिल हुए और विरोध करने वालों का सपोर्ट किया। अतिरिक्त आयुक्त2 प्रशांत रोडे ने विरोध करने वालों की बात सुनी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि दो दिन के अंदर एक्शन लिया जाएगा। ग्रुप लीडर मुकेश मोकाशी, नगरसेवक सीताराम राणे, भरत चव्हाण, सुरेश कांबले, उषा वाघ आदि मौजूद थे।

# हर दिन रिटायरमेंट का ख्याल आता है



'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर रिलीज करने के लिए आज मुंबई में एक बड़ा इवेंट रखा गया था। इस इवेंट के दौरान अक्षय कुमार इमोशनल हो गए। उन्होंने अपने रिटायरमेंट पर खुलकर बात की। इसके साथ ही, उन्होंने फिल्म डायरेक्टर और राइटर नीरज वोरा के साथ-साथ दिवंगत एक्टर पंकज धीर को श्रद्धांजलि दी।

### रिटायरमेंट पर अक्षय कुमार ने क्या कहा?

अक्षय ने कहा, 'कभी-कभी मेरा रिटायरमेंट लेने का मन करता है। अक्सर ये विचार मुझे सुबह 4 बजे आता है। लेकिन पांच सेकंड बाद मुझे याद आता है कि मुझे एक शूट पर जाना है, जहां 300 लोग मेरा इंतजार कर रहे हैं। फिर मैं खुद से कहता हूं कि मैं अगले दिन रिटायरमेंट के बारे में सोचूंगा। ऐसा करते करते 36 साल बीत गए हैं।'

### रिटायरमेंट के बाद क्या करेंगे अक्षय?

अक्षय ने आगे कहा, 'मैं सोचता हूं कि अगर मैं रिटायर हो गया तो मैं इलेक्ट्रीशियन, डॉग वॉकर, माली, वगैरह बन जाऊंगा। इसलिए मुझे लगता है कि बेहतर है कि मैं काम पर जाऊं और रिटायर न होऊं। मैं परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करता हूं और फिर एक बाद बित जाते के बाद वो लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं काम पर वापस कब जाऊंगा। मुझे रिटायर शब्द बहुत गलत लगता है। इंसान को मरने से पांच सेकंड पहले रिटायर हो जाना चाहिए। अगर आप लंबी जिंदगी चाहते हैं, तो काम करते रहें।'

### नीरज वोहरा और पंकज धीर को ट्रिब्यूट

इवेंट में, अक्षय कुमार ने ये भी बताया कि 'वेलकम टू द जंगल' की कहानी नीरज वोहरा ने कैसे लिखी थी। अक्षय ने कहा, 'ये फिल्म मेरे लिए इसलिए जरूरी थी क्योंकि इसकी कहानी नीरज वोहरा ने लिखी है। मैंने हमेशा अपने इंटरव्यू में कहा है कि मैंने प्रियदर्शन, राजकुमार संतोषी और नीरज वोहरा से कॉमेडी में बहुत कुछ सीखा है। नीरज ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं फिरोज नाडियाडवाला को 36 साल से जानता हूं। मैं अपने स्ट्रगल के दिनों में उनके पास जाता था।' उन्होंने पंकज धीर के बारे में भी बात की और कहा, 'मैंने अपनी पहली फिल्म में पंकज धीर साहब के साथ काम किया था। वह विलेन थे और ये उनकी आखिरी फिल्म है। पंकज, तुम जहां भी हो, मैं तुमसे प्यार करता हूं।'

# डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस के सामने राकांपा का केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ अनोखा विरोध

**ठाणे.** पूरे देश में NEET पेपर लीक केस के बहुत मशहूर होने के बाद, CBSC पेपर स्कैम का भी खुलासा हुआ और इससे कई स्टूडेंट्स की पढ़ाई का नुकसान हुआ है, जिनमें से कुछ ने तो सुसाइड भी कर लिया है। इसके विरोध में,राकांपा के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अभिजीत पवार ने ठाणे में डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस के सामने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।राकांपा के अभिजीत पवार ने कहा कि NEET पेपर लीक केस CBSC स्कैम देश की एजुकेशनल इमेज खराब कर रहा है और इसका असर स्टूडेंट्स पर भी पड़ रहा है, इसलिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में, केंद्रीय शिक्षा मंत्री की ड्रेस पहने एक व्यक्ति को चप्पलों की माला पहनाई गई। देश के स्टूडेंट्स समझ गए हैं कि खेलना देश के स्टूडेंट्स का अपमान है। यह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार हमें कॉकरोच समझती है। अब कॉकरोच सड़कों पर उतर आए हैं। मीडिया से बात करते हुए अभिजीत पवार ने कहा कि हम कॉकरोच पार्टी का समर्थन करते हैं।




## सलमान खान को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और उनके पनवेल फार्महाउस के पड़ोसी के बीच चल रहे विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल किसी व्यक्ति की छवि खराब करने या मानहानि करने के लिए नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की एकल पीठ अभिनेता द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने सलमान खान के पड़ोसी केतन कक्कड़ से उनके द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट और वीडियो हटाने पर विचार करने को कहा।

## आम सूचना

मैं श्रीमती रीना यादव सभी को सूचित कर रही हूं कि भैया साहेब आंबेडकर नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीओ020121500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मीना संदेश चाबुकसवारा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.4.2025 सी.नं. 1071 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रीना यादव**

## आम सूचना

मैं श्रीमती नयना जितेंद्र रावल सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 151 के सामने, तेजुमल चक्की रोड, यु.नं. 174, शिट नं. 86, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 05एओ014400100) उक्त प्रॉपर्टी श्री जितेंद्र बाबुलाल रावल के नाम पर है उनका निधन 24.7.2025 को हुआ। श्री नैतिक जितेंद्र रावल व कु. मोनिका जितेंद्रकुमार रावल ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 10.6.2026 सी.नं. 1807/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नयना जितेंद्र रावल**

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
उल्हास वि NEWS GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS Subscribe


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099